# PAPER-II
# LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

| S | 5 | 5 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

Time : **1 1/4** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS

### Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Time and Motion Study was propounded by
- (A) Louis D. Brandies
- (B) Frank B. Gilberth
- (C) Elton Mayo
- (D) Henry Gnatt

**2.** Which of the following is a process of communication ?
- (A) Downward
- (B) Upward
- (C) Lateral
- (D) All the above

**3.** Hawthorne Experiment findings led to
- (A) Behavioural Approach
- (B) Systems Approach
- (C) Human Relations Approach
- (D) Scientific Management Approach

**4.** Which of the following is not a path in grapevine chain ?
- (A) Non-profitability
- (B) Single strand
- (C) Gossip
- (D) Cluster Chair

**5.** When the chain of command is longer than the span of control, the resultant organization structure would be
- (A) Linear structure
- (B) Flat structure
- (C) Tall structure
- (D) Free-form Organization structure

**6.** In an organization, under line and staff the function of 'staff' is
- (A) Superior
- (B) Managerial
- (C) Authoritative
- (D) Advisory

**7.** Which one of the following is not the method of job evaluation ?
- (A) Ranking
- (B) Forced Distribution
- (C) Grading
- (D) Point Method

**8.** Under which of the following legislations a statutory machinery for grievance handling is given ?
- (A) The Industrial Employment (Standing Orders) Act, 1946
- (B) The Factories Act, 1948
- (C) The Industrial Disputes Act, 1947
- (D) The Trade Pensions Act, 1926

**9.** Arrange the following steps of disciplinary procedure in the order in which they are used :
- (a) Dismissal and discharge
- (b) Show-cause notice
- (c) Domestic enquiry
- (d) Serving of charge sheet
- (e) Submission of the report

**Codes :**
- (A) b, d, c, e, a
- (B) b, e, c, d, a
- (C) c, d, b, e, a
- (D) d, b, c, e, a

**10.** Outsourcing stands for
- (A) Retrenching services of surplus employees
- (B) Encouraging voluntary retirement
- (C) Contracting out the work to other organisations
- (D) Slowing down of production

# श्रम कल्याण एवं औद्योगिक सम्बन्ध

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** टाइम एण्ड मोशन अध्ययन किसने प्रतिपादित किया है ?
(A) लुईस डी. ब्रैंडीस
(B) फ्रैंक बी. गिलबर्थ
(C) अल्टन मेयो
(D) हेनरी नॉट्ट

**2.** निम्नलिखित में से संचार की प्रक्रिया कौन सी है ?
(A) अधोमुखी (B) उपरिमुखी
(C) पार्श्विक (D) उपर्युक्त सभी

**3.** हॉथोर्न प्रयोग के परिणामों ने किस ओर प्रवृत किया ?
(A) व्यवहारपरक उपागम
(B) सिस्टम्स (तन्त्र) उपागम
(C) मानवीय सम्बन्ध उपागम
(D) वैज्ञानिक प्रबन्धन उपागम

**4.** ग्रेपवाइन शृंखला में पथ (मार्ग) कौन सा नहीं है ?
(A) अलाभदेयता
(B) एकल लड़ी / सिंगल स्ट्रैंड
(C) गपशप
(D) गुच्छ शृंखला

**5.** जब आदेश की शृंखला, नियन्त्रण की विस्तृति से लम्बी है, तो परिणामित संगठन संरचना क्या होगी ?
(A) रेखीय संरचना
(B) सपाट संरचना
(C) लम्बी संरचना
(D) मुक्त-रूप संगठन संरचना

**6.** संगठन में, अधिकारी और कर्मचारी (लाइन एण्ड स्टाफ) के अन्तर्गत 'कर्मचारी' का कार्य किस प्रकार का होता है ?
(A) वरिष्ठ (B) प्रबन्धकीय
(C) आधिकारिक (D) परामर्शदात्री

**7.** निम्नलिखित में से कार्य मूल्यांकन की विधि कौन सी नहीं है ?
(A) श्रेणीकरण
(B) बलात वितरण
(C) क्रमनिर्धारण
(D) पॉयन्ट मेथड

**8.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अन्तर्गत शिकायतों के निवारण के लिये सांविधिक तन्त्र दिया गया है ?
(A) औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946
(B) कारखाना अधिनियम, 1948
(C) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947
(D) मजदूर संघ अधिनियम, 1926

**9.** अनुशासनात्मक प्रक्रिया के निम्नलिखित सोपानों को उस क्रम में व्यवस्थित करें जिस क्रम में वे प्रयोग किये जाते हैं :
a. बरखास्तगी और सेवामुक्त करना (या हटा देना)
b. कारण बताओ नोटिस
c. घरेलु पूछताछ
d. आरोपपत्र देना
e. रिपार्ट जमा करना

**कूट :**
(A) b, d, c, e, a
(B) b, e, c, d, a
(C) c, d, b, e, a
(D) d, b, c, e, a

**10.** आऊटसोर्सिंग का अभिप्राय है
(A) अतिरेक कर्मचारियों की सेवाओं की छंटनी
(B) स्वैच्छिक सेवानिवृति को प्रोत्साहन देना
(C) बाहर के अन्य संगठनों को काम दे देना
(D) उत्पादन धीमा कर देना

**11.** HRD systems include

(A) Performance Appraisal

(B) Potential Appraisal and Development

(C) Feedback and Performance coaching

(D) All the above

**12.** QWL movement was spearheaded by

(A) C.A. Barlett and S. Ghoshal

(B) Eric Tryst, Fred Enery, Eina Thorsrud

(C) D. Harnett and L. Cummings

(D) Ronen Simcha and Oded Shankar

**13.** Match the following :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Eric Berne | i. | Born to Win |
| b. | Thomas A. Harris | ii. | Quality Circles in India |
| c. | James and Dorothy Jongeward | iii. | I'am O.K – You're O.K |
| d. | S.R. Udpa | iv. | Transactional Analysis |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | i | iii | iv | ii |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**14.** Arrange in sequence the five steps procedure for Behaviourally anchored rating scales (BARS) :

a. Identify Performance Dimensions

b. Collect critical incidents

c. Rate the incidents

d. Re-classify the incidents

e. Develop the final instrument

**Codes :**

(A) b, d, a, e, c (B) d, b, a, e, c

(C) b, a, d, c, e (D) b, d, e, a, c

**15.** Which one is not a part of effective organization's career planning process ?

(A) Assessment of Occupational and career choice

(B) Personal Assessment

(C) Annual Appraisal and Development Programme

(D) Incentive Management

**16.** The famous definition of 'personality' as "the dynamic organization within the individual of those psychological systems that determine his unique adjustments to his environment" – is given by

(A) Theodore T. Herbert

(B) Sigmund Freud

(C) Gordon Allport

(D) James Watson

**17.** Arrange the following steps in OB Mod in their right sequence :

a. Identification of behavioural contingencies

b. Measurement of the behaviours

c. Identification of performance related behaviours

d. Evaluation of performance improvement

e. Development and implementation of intervention strategy

**Codes :**

(A) a, c, b, e, d (B) c, a, b, d, e

(C) a, d, c, b, e (D) c, b, a, e, d

**18.** Match the following :

| | **Theories of Motivation** | | **Propagators** |
|---|---|---|---|
| a. | Expectancy Theory | i. | J. Stacy Adams |
| b. | ERG Theory | ii. | Hackman & Oldham |
| c. | Equity Theory | iii. | Clayton Alderfer |
| d. | Job Characteristics Model | iv. | Victor Vroom |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**11.** मानव संसाधन विकास व्यवस्थाओं में शामिल है

(A) निष्पन्नता मूल्यांकन

(B) सामर्थ्य मूल्यांकन और विकास

(C) फीडबैक (या प्रतिपुष्ठि) और निष्पन्नता कोचिंग

(D) उपर्युक्त सभी

**12.** क्यू.डब्ल्यू.एल. आन्दोलन की अगुवाई किसने की ?

(A) सी.ए. बार्लेट एवं एस. घोषाल

(B) एरिक ट्रायस्ट, फ्रेड एनेरी, इनार थोरश्रड

(C) डी. हारनेट एवं एल. क्यूमिंग्स

(D) रोनेन सिमका एवं ऑडेड शंकर

**13.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | एरिक बर्न | i. | बोर्न टू विन |
| b. | थॉमस ए. हेरिस | ii. | क्वालिटी सर्किल्स इन इंडिया |
| c. | जेम्स एण्ड डोरोथी जाँगवर्ड | iii. | आइ एम ओ.के. – यू आर ओ.के. |
| d. | एस.आर. उदपा | iv. | ट्रान्सएक्शनल एनालिसिस |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | i | iii | iv | ii |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**14.** बिहेवियरली एंकरड रेटिंग स्केल्स (बी.ए.आर.एस.) के लिये पाँच सोपान की प्रक्रिया को क्रम में व्यवस्थित करें ।

a. सम्पादन विभाओं की पहचान करना

b. महत्त्वपूर्ण घटनाओं को संगृहीत करना

c. घटनाओं का मूल्य निर्धारण

d. घटनाओं को पुन: वर्गीकृत करना

e. अन्तिम उपकरण विकसित करना

**कूट** :

(A) b, d, a, e, c (B) d, b, a, e, c

(C) b, a, d, c, e (D) b, d, e, a, c

**15.** प्रभावपूर्ण संगठन की कैरियर नियोजन प्रक्रिया का हिस्सा क्या नहीं है ?

(A) पेशा और कैरियर विकल्प का आकलन

(B) वैयक्तिक आकलन

(C) वार्षिक मूल्यांकन और विकास कार्यक्रम

(D) प्रोत्साहन प्रबन्धन

**16.** उन मनोवैज्ञानिक प्रणालियों के व्यक्ति में अंतर्निहित गत्यात्मक संगठन के रूप में व्यक्तित्व की प्रख्यात परिभाषा किसने दी है जो कि उसके वातावरण के साथ उसके विलक्षण समायोजनों को निर्धारित करता है ?

(A) थियोडर टी. हर्बर्ट (B) सिग्मंड फ्रॉयड

(C) गॉर्डन आलपोर्ट (D) जेम्स वॉटसन

**17.** ओ.बी. मॉड में निम्नलिखित सोपानों को उनके सही अनुक्रम में व्यवस्थित करें :

a. व्यवहारपरक आकस्मिकताओं की पहचान

b. व्यवहारों का मापन

c. निष्पन्नता सम्बन्धित व्यवहार की पहचान

d. निष्पन्नता सुधार का मूल्यांकन

e. हस्ताक्षेप कार्यनीति का विकास एवं क्रियान्वयन

**कूट** :

(A) a, c, b, e, d (B) c, a, b, d, e

(C) a, d, c, b, e (D) c, b, a, e, d

**18.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | **अभिप्रेरणा का सिद्धांत** | | **प्रवर्तक** |
|---|---|---|---|
| a. | प्रत्याशा सिद्धांत | i. | जे. स्टेसी एडम्स |
| b. | इ.आर.जी. सिद्धांत | ii. | हैकमैन एवं ओल्डहैम |
| c. | समता सिद्धांत | iii. | क्लेटन एल्डरफर |
| d. | काम विशेषताएँ मॉडल | iv. | विक्टर व्रुम |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**19.** When a sender manipulates information so that it will be seen more favourably by the receiver in communication, it is called
(A) Selective Perception
(B) Linguistic Trap
(C) Filtering
(D) Emotional Appeal

**20.** Leader-Member relations; task structure and position power are attributes of which leadership theory ?
(A) Trait Theory
(B) Behavioural Theory
(C) Situational Theory
(D) Contingency Theory

**21.** Who has propounded the theory that "Industrial Conflict is a part of the broader social conflict between classes and used to explain fundamental historical process of change and development in human society" ?
(A) Frank Tannenbaum
(B) Adam Smith
(C) Karl Marx
(D) G.D.H. Cole

**22.** In which year the two consultative machinery Indian Labour Conference and Standing Labour Committee were constituted in India ?
(A) 1941 (B) 1942
(C) 1947 (D) 1951

**23.** Identify the functions of Joint Management Council :
(A) Information sharing
(B) Consultative
(C) Administrative
(D) All the above

**24.** By which amendment the provisions of Workers' Participation in Management was incorporated in the Indian Constitution ?
(A) 41 (B) 42
(C) 43 (D) 44

**25.** The structure of I.L.O. includes
(A) an International Labour Conference
(B) a Governing Body
(C) an International Labour Office
(D) All the above

**26.** Who was the founder of the Madras Labour Union ?
(A) Ansuya Ben Sarabhai
(B) B.P. Wadia
(C) N.M. Lokhande
(D) Sankarlal Banker

**27.** Who has defined that "a trade union means an association carried on mainly for the purpose of protecting and advancing the members' economic interest (higher wages, better conditions of work)" ?
(A) Selig Perlman
(B) G.D.H. Cole
(C) Robert F. Hoxie
(D) Frank Tannenbaum

**28.** Under which of the following legislations there is a provision called 'protected workmen' ?
(A) Trade Unions Act, 1926
(B) Industrial Employment (Standing Orders) Act, 1946
(C) Factories Act, 1948
(D) Industrial Disputes Act, 1947

**29.** Which one of the following is not a machinery for settlement of Industrial Disputes under the Industrial Disputes Act, 1947 ?
(A) Conciliation Officer
(B) Board of Conciliation
(C) Collective Bargaining
(D) Labour Court

**30.** Creation of a political fund by trade unions under the Trade Union Act is
(A) Compulsory
(B) Optional
(C) by donation from political parties
(D) No such provision in the Act

**19.** जब प्रेषक जानकारी को चालाकी से प्रभावित बनाता है ताकि वह संचार में प्रापक के द्वारा ज्यादा अनुकूल दृष्टि से देखी जाएगी, यह क्या कहलाता है ?

(A) चयनात्मक अवबोध
(B) भाषाई फंदा
(C) फिल्टरिंग (छनना)
(D) भावनात्मक आग्रह

**20.** नेता-सदस्य सम्बन्ध; कार्य संरचना और पदस्थिति सत्ता किस नेतृत्व सिद्धांत की विशेषताएँ हैं ?

(A) विशेषता (ट्रेट) सिद्धांत
(B) व्यवहारपरक सिद्धांत
(C) स्थितिपरक सिद्धांत
(D) आकस्मिकता सिद्धांत

**21.** यह सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया है कि "औद्योगिक संघर्ष, वर्गों के बीच ज्यादा व्यापक सामाजिक संघर्ष का हिस्सा है जो मानव समाज में परिवर्तन तथा विकास की मूलभूत ऐतिहासिक प्रक्रिया की व्याख्या किया करते थे" ?

(A) फ्रैंक टॉनेनबॉम
(B) एडम स्मिथ
(C) कार्ल मार्क्स
(D) जी.डी.एच. कोल

**22.** किस वर्ष में, भारत में दो परामर्शदात्री संस्थाएँ, भारतीय श्रम सम्मेलन तथा स्थायी श्रम समिति स्थापित की गई थी ?

(A) 1941 (B) 1942
(C) 1947 (D) 1951

**23.** संयुक्त प्रबन्ध परिषद के कार्यों की पहचान करें ।

(A) सूचना सांझा करना
(B) परामर्शदात्री
(C) प्रशासनिक
(D) उपर्युक्त सभी

**24.** किस संशोधन के द्वारा भारतीय संविधान में प्रबन्धन में श्रमिकों की प्रतिभागिता के प्रावधानों को निगमित किया गया ?

(A) 41 (B) 42
(C) 43 (D) 44

**25.** आइ.एल.ओ. की संरचना में समाविष्ट है

(A) अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन
(B) शासी निकाय
(C) अंतर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय
(D) उपर्युक्त सभी

**26.** मद्रास श्रम संघ के संस्थापक कौन थे ?

(A) अनसुइया बेन साराभाई
(B) बी.पी. वाडिया
(C) एन.एम. लोखांडे
(D) शंकरलाल बैंकर

**27.** किसने व्याख्या की कि "मजदूर संघ का अर्थ ऐसा संघ है जो मुख्यत: सदस्यों की सुरक्षा करने और उनके आर्थिक हितों (उच्च मजदूरी, काम की बेहतर स्थितियाँ) को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कार्य करता है" ?

(A) सेलिग पर्लमैन
(B) जी.डी.एच. कोल
(C) रॉबर्ट एफ. होक्सी
(D) फ्रैंक टेननबॉम

**28.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अन्तर्गत सुरक्षित श्रमिक का प्रावधान किया गया है ?

(A) मजदूर संघ अधिनियम, 1926
(B) औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946
(C) कारखाना अधिनियम, 1948
(D) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

**29.** औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत, औद्योगिक विवादों के निबटान हेतु मशीनरी निम्नलिखित में से कौन सी नहीं है ?

(A) कॅन्सिलिएशन पदाधिकारी
(B) कॅन्सिलिएशन बोर्ड
(C) सामूहिक सौदेबाजी
(D) श्रम न्यायालय

**30.** मजदूर संघ अधिनियम के अन्तर्गत, मजदूर संघों के द्वारा राजनीतिक निधि की स्थापना

(A) अनिवार्य है ।
(B) वैकल्पिक / स्वैच्छिक है ।
(C) राजनीतिक दलों से दान द्वारा ।
(D) अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं ।

**31.** Who among the following mentioned the four major principles of labour legislations ?
- (A) Frank Tillayard
- (B) I.L.O.
- (C) R.K. Das
- (D) P.L. Mallick

**32.** The Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986 is an example of
- (A) Regulative Labour Legislation
- (B) Protective Labour Legislation
- (C) Social Security Legislation
- (D) Welfare Legislation

**33.** Which of the following common defences were not available to the employers in cases of compensation for accidents under the common law ?
- (A) Doctrine of Assumed Risk
- (B) Doctrine of Contributory Negligence
- (C) Doctrine of Common Employment and Fellow Servant's responsibility
- (D) Doctrine of Natural Risk

**34.** Which of the following is not a statutory welfare facility under the Factories Act, 1948 ?
- (A) Crèche
- (B) Canteen
- (C) Transport
- (D) First-Aid Boxes

**35.** The condition of 70 days of employment in the 12 months immediately preceding the date of benefit has been made an eligibility condition for getting
- (A) Maternity Benefit under the Maternity Benefit Act
- (B) Disablement benefit under the ESI Act
- (C) Gratuity under the Payment of Gratuity Act
- (D) Sickness benefit under the ESI Act

**36.** Under which Schedule of the Industrial Disputes Act, 1947 Public Utility Services have been listed out ?
- (A) 1st Schedule
- (B) 2nd Schedule
- (C) 3rd Schedule
- (D) 4th Schedule

**37.** The minimum rate of subsistence allowance in case of suspension pending enquiry has been given under which of the following legislations ?
- (A) Industrial Disputes Act
- (B) Trade Union Act
- (C) Industrial Employment (Standing Orders)
- (D) None of the above, Act

**38.** Which of the following is not included under the definition of wages given under the Payment of Wages Act, 1936 ?
- (A) Basic Wage
- (B) Dearness Allowance
- (C) Incentive
- (D) Gratuity

**39.** Which of the following statements is not correct as per the Payment of Bonus Act, 1965 ?
- (A) It is applicable to construction industry.
- (B) It does not apply to employees in Life Insurance Corporation of India.
- (C) Allocable surplus means 67% of the available surplus.
- (D) Employee means any person including apprentice.

**40.** "No discrimination to be made while recruiting men and women workers" is given under which of the following legislations ?
- (A) Factories Act
- (B) Equal Remuneration Act
- (C) Employment Exchanges (Compulsory Notification of Vacancies) Act
- (D) Minimum Wages Act

**31.** निम्नलिखित में से किसने श्रम अधिनियमों के चार मुख्य सिद्धांतों का उल्लेख किया है ?
(A) फ्रैंक टिलायार्ड
(B) आई.एल.ओ.
(C) आर.के. दास
(D) पी.एल. मल्लिक

**32.** बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 किसका उदाहरण है ?
(A) विनियामक श्रम अधिनियम
(B) सुरक्षात्मक श्रम अधिनियम
(C) सामाजिक सुरक्षा अधिनियम
(D) कल्याण अधिनियम

**33.** कॉमन अधिनियम के अन्तर्गत, दुर्घटनाओं के लिये क्षतिपूर्ति के मामलों में नियोक्ताओं को निम्नलिखित में से कौन से सर्वनिष्ट (कॉमन) रक्षोपाय उपलब्ध नहीं थे ?
(A) कल्पित जोखिम का मत
(B) अंशदायी लापरवाही का मत
(C) कॉमन रोजगार तथा फेलो सेवक की जिम्मेदारी का भत्ता
(D) प्राकृतिक जोखिम का मत

**34.** कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत सांविधिक कल्याण सुविधा निम्नलिखित में से कौन सी नहीं है ?
(A) क्रेच
(B) कैन्टीन
(C) परिवहन
(D) प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स

**35.** लाभ तिथि से तुरन्त पहले 12 महीनों में 70 दिनों के रोजगार की स्थिति को, क्या पाने के लिये, पात्रता/योग्यता की स्थिति बनाया गया है ?
(A) प्रसूति प्रासुविधा अधिनियम के अन्तर्गत प्रसूति प्रासुविधा
(B) ई.एस.आई. अधिनियम के अन्तर्गत विकलांगता लाभ
(C) उपदान भुगतान अधिनियम के अन्तर्गत उपदान या ग्रैच्युटी
(D) ई.एस.आई. अधिनियम के अन्तर्गत बीमारी या रूग्णता लाभ

**36.** औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की किस अनुसूची के अन्तर्गत सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं को सूचीबद्ध किया गया है ?
(A) 1ली अनुसूची (B) 2री अनुसूची
(C) 3री अनुसूची (D) 4थी अनुसूची

**37.** निलम्बन विचाराधीन जाँच के मामले में जीविका निर्वाह भत्ते की न्यूनतम दर किस अधिनियम के अन्तर्गत दी गई है ?
(A) औद्योगिक विवाद अधिनियम
(B) मजदूर संघ अधिनियम
(C) औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 के अन्तर्गत मजदूरी की परिभाषा में निम्नलिखित में से क्या सम्मिलित नहीं किया गया है ?
(A) मूलभूत मजदूरी
(B) महँगाई भत्ता
(C) प्रोत्साहन
(D) उपदान

**39.** बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के अनुसार, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है ?
(A) यह निर्माण उद्योग पर प्रयुक्तनीय है ।
(B) यह भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों पर प्रयुक्त नहीं होता है ।
(C) आबंटनीय अतिरेक का अर्थ उपलब्ध अतिरेक का 67% है ।
(D) कर्मचारी का अर्थ प्रशिक्षु समेत किसी भी व्यक्ति से होता है ।

**40.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अन्तर्गत यह कहा गया है "पुरुषों तथा महिला श्रमिकों को भर्ती करते समय कोई भेदभाव नहीं किया जाए" ?
(A) कारखाना अधिनियम
(B) समान पारिश्रमिक अधिनियम
(C) रोजगार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम
(D) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम

**41.** Which of the following is not an extra-mural welfare ?

(A) Co-operative consumer facility

(B) Creche for child care

(C) Recreational club

(D) Health and Medical Services

**42.** "Workers are becoming conscious of their rights and privileges therefore it is prudent to appease the workers" is the philosophy of which theory of labour welfare ?

(A) Placating Theory

(B) Policing Theory

(C) Philanthropic Theory

(D) Paternalistic Theory

**43.** 'Social Invasion of Work Place' and long arm of job' explain the logic behind which of the following welfare activities ?

(A) Reducing accidents and promoting safety

(B) Reducing indebtedness through co-operatives

(C) Labour Community Development

(D) All the above

**44.** **Assertion (A) :** Industrial accidents occur inter-alia due to fatigue.

**Reason (R) :** Fatigue is the result of personal health condition of the worker as well as by overwork, monotony and boredom as part of work experience.

**Codes :**

(A) (A) is right but (R) is wrong.

(B) (A) is right and the (R) rightly explains the (A).

(C) Both (A) and (R) are wrong.

(D) (A) is wrong but (R) is right.

**45.** Which of the following statements about welfare officer is not correct ?

(A) Welfare Officer is statutory.

(B) The Qualifications and duties of Welfare Officer are prescribed.

(C) 'Welfare Officer' is a 'Third Force'.

(D) Welfare Officer has to represent the employer in cases of industrial dispute.

**46.** The first Wage Board in India was set up in

(A) 1957 (B) 1958

(C) 1959 (D) 1960

**47.** Arrange the following in order of their amount in an ascending order :

a. Living Wage

b. Subsistence Wage

c. Fair Wage

d. Minimum Wage

**Codes :**

(A) b, c, d, a (B) c, d, b, a

(C) b, d, c, a (D) d, a, c, b

**48.** Which of the following cannot be regarded as a method of State Regulation of Wages ?

(A) Wage Boards

(B) A Statutory Minimum Wage

(C) Adjudication and arbitration awards

(D) Collective Bargaining

**49.** Which of the following is regarded as Iron Law of Wage ?

(A) Marginal Productivity Theory

(B) Subsistence Theory

(C) Wage Fund Theory

(D) Residual Claimant Theory

**50.** Which of the following is not a type of unemployment ?

(A) Frictional Unemployment

(B) Technological Unemployment

(C) Disguised Unemployment

(D) Migratory Unemployment

**41.** निम्नलिखित में से कौन सा बाह्य भित्ति कल्याण नहीं है ?

(A) सहकारी उपभोक्ता सुविधा

(B) बच्चे की देखभाल हेतु क्रेच

(C) मनोरंजन क्लब

(D) स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय सेवाएँ

**42.** "श्रमिक अपने अधिकारों तथा विशेषाधिकारों से सचेत हो रहे हैं इसलिये श्रमिकों को सन्तुष्ट करना विवेकपूर्ण है", यह किस श्रम कल्याण सिद्धांत का दर्शन है ?

(A) प्लेकेटिंग सिद्धांत

(B) पॉलिसिंग सिद्धांत

(C) लोकहितैषी सिद्धांत

(D) पितृसत्तात्मक सिद्धांत

**43.** "कार्यस्थल का सामाजिक अधिक्रमण" और "काम की लम्बी बाँह", निम्नलिखित में से किस कल्याण गतिविधि के पीछे का तर्क स्पष्ट करता है ?

(A) दुर्घटनाओं को कम करना और सुरक्षा को बढ़ावा देना ।

(B) सहकारी समितियों के जरिये ऋणग्रस्तता को घटाना

(C) श्रमिक समुदाय का विकास

(D) उपर्युक्त सभी

**44.** **अभिकथन (A)** : औद्योगिक दुर्घटनाएँ अन्य कारणों के साथ-साथ थकान के कारण होती हैं ।

**कारण (R)** : थकान श्रमिक की वैयक्तिक स्वास्थ्य स्थिति का परिणाम है और साथ ही साथ अतिकार्य, नीरसता और कार्य अनुभव के भाग के रूप में ऊब का है ।

**कूट** :

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।

(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(D) (A) गलत है और (R) सही है ।

**45.** कल्याण अधिकारी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) कल्याण पदाधिकारी संवैधानिक होता है ।

(B) कल्याण पदाधिकारी की योग्यताएँ और कर्तव्य निर्धारित होते हैं ।

(C) कल्याण पदाधिकारी 'तृतीय बल' है ।

(D) औद्योगिक विवाद के मामलों में, कल्याण पदाधिकारी को नियोक्ता का प्रतिनिधित्व करना पड़ता है ।

**46.** भारत में प्रथम मजदूरी बोर्ड किस वर्ष में बना था ?

(A) 1957 (B) 1958

(C) 1959 (D) 1960

**47.** निम्नलिखित को उनकी राशि के क्रम में आरोही क्रम में व्यवस्थित करें :

a. लिविंग वेज

b. जीवन निर्वाह मजदूरी

c. उचित मजदूरी

d. न्यूनतम मजदूरी

**कूट** :

(A) b, c, d, a (B) c, d, b, a

(C) b, d, c, a (D) d, a, c, b

**48.** मजदूरी के राजकीय विनियमन की विधि निम्नलिखित में से किसे नहीं समझा जा सकता है ?

(A) मजदूरी बोर्ड

(B) सांविधिक न्यूनतम मजदूरी

(C) न्याय निर्णयन और विवाचन अधिनिर्णय

(D) सामूहिक सौदेबाजी

**49.** निम्नलिखित में से किसे मजदूरी का लौह नियम समझा जाता है ?

(A) सीमान्त उत्पादकता सिद्धांत

(B) जीवन-निर्वाह सिद्धांत

(C) मजदूरी निधि सिद्धांत

(D) अवशिष्ट दावेदार सिद्धांत

**50.** निम्नलिखित में से क्या बेरोजगारी का प्रकार नहीं है ?

(A) घर्षणात्मक बेरोजगारी

(B) प्रौद्योगिकीय बेरोजगारी

(C) छद्म बेरोजगारी

(D) प्रवासी (या भ्रमणशील) बेरोजगारी

**Space For Rough Work**